सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

<u>संख्या– 222</u>
14/03/2026

लेफ्टिनेंट जनरल श्री सय्यद अता हसनैन (से०नि०) ने बिहार के राज्यपाल के पद की शपथ ली

पटना 14 मार्च, 2026 :– लेफ्टिनेंट जनरल श्री सय्यद अता हसनैन (से०नि०) ने पूर्वाह्न 11:00 बजे बिहार लोक भवन में राज्यपाल, बिहार के पद की शपथ ली। पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने उन्हें शपथ दिलाई। श्री हसनैन ने भारत की स्वतंत्रता के पश्चात् बिहार के 43वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के माननीय सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार, अनेक मंत्रीगण, बिहार विधानमंडल के अनेक सदस्यगण, बिहार सरकार के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण, सैन्य अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे।

....